प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 08.06.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. देश में कच्चे तेल, गैस और उर्वरकों की कोई कमी नही, खरीफ सीजन के लिए पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध, केंद्र सरकार ने जताया भरोसा।
2. राज्यसभा चुनाव को लेकर झारखंड में सियासी सरगर्मी तेज, एनडीए ने परिमल नाथवानी को दिया समर्थन, इंडिया गठबंधन भी जीत को लेकर आश्वस्त।
3. झारखंड के अधिवक्ताओं को मिलेगा स्वास्थ्य बीमा लाभ, हाईकोर्ट ने सरकार के कदम पर संतोष जताया।
4. खाद वितरण में पारदर्शिता लाने की पहल, केंद्र सरकार के पायलट प्रोजेक्ट में शामिल हुआ देवघर, आधार प्रमाणीकरण के बाद मिलेगा उर्वरक।

और

5. साइबर अपराध से निपटने के लिए झारखंड पुलिस के 78 कर्मियों को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण, डिजिटल फ्रॉड और डार्क वेब की जांच सीखेंगे पुलिसकर्मी, रांची में प्रशिक्षण शुरू।

*********************

नई दिल्ली में आयोजित अंतर–मंत्रालयी प्रेस वार्ता में मंत्रालय के अपर सचिव प्रवीण खन्नूजा ने बताया कि देशभर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

वहीं, रसायन और उर्वरक मंत्रालय की अपर सचिव अपर्णा शर्मा ने बताया कि देश में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन के लिए 380 लाख मीट्रिक टन से अधिक उर्वरकों की आवश्यकता का अनुमान है, जबकि अब तक किसान लगभग 86 लाख मीट्रिक टन उर्वरक खरीद चुके हैं।

*********************

राज्यसभा की दो सीटों के लिए होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इंडिया गठबंधन और एनडीए दोनों ही अपने–अपने उम्मीदवारों की जीत का दावा कर रहे हैं। मंत्री दीपिका पांडे ने दावा किया कि गठबंधन के पास पर्याप्त समर्थन है।

वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार बैद्यनाथ राम दलित समाज से आते हैं और स्थानीय उम्मीदवार हैं, इसलिए भाजपा को भी उनका समर्थन करना चाहिए।

दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दल भी चुनाव को लेकर सक्रिय हैं। जनता दल (यूनाइटेड) के विधायक सरयू राय ने कहा कि वे भाजपा के हर निर्णय के साथ हैं।

नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि राज्यसभा चुनाव में एनडीए ने निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी का समर्थन करने का निर्णय लिया है।

*********************

नई दिल्ली में आज दोपहर इंडिया गठबंधन की बैठक हुई। विभिन्न विपक्षी दलों के नेता बैठक में भाग लिया। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी, जम्मू–कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला और एनसीपी–शरद पवार गुट की सुप्रिया सुले शामिल हुए।

*********************

झारखंड के अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ उपलब्ध कराने संबंधी जनहित याचिका का झारखंड उच्च न्यायालय ने निस्तारण कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान बताया कि अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू कर दी गई है और इस संबंध में संकल्प भी जारी किया जा चुका है।

*********************

भारत सरकार ने उर्वरक क्षेत्र में डिजिटल और पारदर्शी व्यवस्था विकसित करने के लिए झारखंड के देवघर जिले का चयन पायलट प्रोजेक्ट के लिए किया है। देवघर के उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने यह जानकारी दी। इस परियोजना के तहत आज देवघर के सूचना भवन में जिले के थोक और खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के लिए फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त ने बताया कि नई व्यवस्था का उद्देश्य उर्वरक वितरण प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाना है।

*********************

स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत चलाए जा रहे स्वच्छता फीडबैक अभियान के अंतर्गत हजारीबाग नगर निगम ने विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत की है। महापौर अरविंद कुमार राणा ने बताया कि स्वच्छता फीडबैक अभियान के माध्यम से नागरिकों से साफ–सफाई और कचरा प्रबंधन व्यवस्था पर उनकी राय ली जा रही है, जिससे शहरों की स्वच्छता रैंकिंग तय की जाती है।

*********************

राज्यभर में पोलियो मुक्त अभियान चलाया जाएगा। धनबाद जिले में भी इस अभियान के तहत 28 जून को आयोजित पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम के तहत चार लाख 24 हजार 729 बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। सिविल सर्जन डॉक्टर आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि29 और 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर–घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक देंगी।

*********************

सिख पंथ के पांचवें गुरु गुरु अर्जन देव की 401वीं शहादत के मौके पर पूर्वी सिंहभूम के जिला न्यायालय परिसर में विशेष छबील का आयोजन किया गया। जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं, न्यायिक पदाधिकारियों और आम नागरिकों ने भाग लिया।

*********************

रांची के पिठौरिया क्षेत्र में दो जून को हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी ने बताया कि मदनपुर निवासी फिरोज अंसारी पर हत्या की नीयत से गोली चलाई गई थी, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। प्रारंभिक जांच में मामला वर्ष 2022 के एक हत्या केस में गवाही को लेकर विवाद से जुड़ा पाया गया है।

*********************

रांची में साइबर अपराध अनुसंधान पर पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ है। इसमें झारखंड पुलिस के 78 पुलिसकर्मी भाग ले रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद के विशेषज्ञ डिजिटल फ्रॉड, डिजिटल साक्ष्य, सोशल मीडिया अपराध, डार्क वेब और क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े मामलों की जांच की जानकारी दे रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिसकर्मियों की साइबर अपराध जांच क्षमता को मजबूत बनाना है।

*********************

जापान में आयोजित अंडर–18 एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में अंपायरिंग कर लौटीं रांची की नीतू कुमारी का बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। नीतू 29 मई से 6 जून तक जापान के काकामीगाहारा में आयोजित प्रतियोगिता में अंपायरिंग करने वाली झारखंड की दूसरी महिला अंतरराष्ट्रीय हॉकी अंपायर बनी हैं।

*********समाप्त********